# मुरादाबाद का पीतल बर्तन उद्योग

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में **राम मंदिर के निर्माण से धार्मिक मूर्तियों, विशेष रूप से भगवान राम की मूर्तियों की मांग में** वृद्धि के रूप में हुई है, जिसके परिणामस्वरूप **मुरादाबाद के पीतल के बर्तन उद्योग के पुनरुत्थान** को प्रोत्साहन मिला है।

## मुख्य बिंदु:

- मुरादाबाद की स्थापना **वर्ष 1600 में मुगल सम्राट शाहजहाँ के बेटे मुराद** ने की थी, जिसके परिणामस्वरूप शहर को मुरादाबाद के नाम से जाना जाने लगा।
- यह **पीतल के कार्य** के लिये प्रसिद्ध है, जिसने पूरे विश्व में हस्तशिल्प उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।
  - पीतल के बर्तन **अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, मध्य पूर्व और एशिया जैसे देशों में निर्यात किये जाते हैं।** इसलिये **मुरादाबाद को "ब्रास सिटी" या पीतल नगरी भी कहा जाता है।**
  - **पीतल, ताँबे और जस्ता की एक मिश्र धातु है, जो अपनी उल्लेखनीय कठोरता तथा व्यावहारिकता** के कारण ऐतिहासिक व स्थायी महत्त्व रखती है।
- **1980 के दशक में, पीतल,** लोहा **और एल्यूमीनियम जैसे विभिन्न धातु के बर्तनों की शुरुआत के साथ** उद्योग में विविधता आई। **इस विस्तार से मुरादाबाद के कला उद्योग में इलेक्ट्रोप्लेटिंग, लैकरिंग और पाउडर कोटिंग जैसी नई तकनीकें विकसित हुई।**
- मुरादाबाद मेटल क्राफ्ट (वर्ड मार्क) को **भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्राप्त है।**
- '**एक ज़िला एक उत्पाद कार्यक्रम**' **(ODOP)** के तहत, उत्तर प्रदेश सरकार **स्वदेशी और विशिष्ट उत्पादों तथा कला को प्रोत्साहित करती है।**

## उत्तर प्रदेश के एक ज़िला एक उत्पाद कार्यक्रम (ODOP) के मुख्य उद्देश्य

- **स्थानीय कला/कौशल का संरक्षण एवं विकास** तथा रचनात्मकता को बढ़ावा देना।
- **आय और स्थानीय रोज़गार में वृद्धि** (परिणामस्वरूप रोज़गार के **लिये प्रवासन** में कमी)।
- उत्पाद की **गुणवत्ता और कौशल विकास** में सुधार।
- उत्पादों को कलात्मक तरीके (पैकेजिंग, ब्रांडिंग के माध्यम से) से बदलना।
- उत्पादन को पर्यटन से जोड़ना (लाइव डेमो और बिक्री आउटलेट - उपहार तथा स्मारिका)।
- आर्थिक मतभेद और क्षेत्रीय असंतुलन के मुद्दों को हल करना।
- राज्य स्तर पर **सफल कार्यान्वयन के बाद ODOP की अवधारणा को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर** पर ले जाना।

| **उत्तर प्रदेश में ODOP उत्पादों की सूची** | | |
|---|---|---|
| **क्रमांक** | **ज़िला** | **उत्पाद** |
| 1. | आगरा | चमड़ा उत्पाद एवं स्टोन/मार्बल से निर्मित सभी हस्तशिल्प उत्पाद |
| 2. | अमरोहा | वाद्य यंत्र (ढोलक) एवं रेडीमेड गारमेंट्स |
| 3. | बागपत | होम फर्नीशिंग |
| 4. | बरेली | ज़री-ज़रदोज़ी एवं बाँस के उत्पाद/सुनारी उद्योग |
| 5. | गोरखपुर | टेराकोटा एवं रेडीमेड गार्मेंट्स |
| 6. | लखनऊ | चिकनकारी एवं ज़री ज़रदोज़ी |
| 7. | महोबा | गौरा पत्थर |
| 8. | मिर्ज़ापुर | कालीन एवं मेटल उद्योग |
| 9. | सिद्धार्थनगर | काला नमक चावल |
| 10. | वाराणसी | बनारसी रेशम साड़ी |

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/moradabad-s-brassware-industry